पत्र सूचना शाखा,
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

——————

# लखनऊ के 5 चिकित्सा संस्थानों को 30 वेंटिलेटर मिले

————————

लखनऊ : 3 मई, 2021

उत्तर प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल की प्रेरणा से आज फ्लिपकार्ट कम्पनी द्वारा लखनऊ के 5 चिकित्सा संस्थानों को 30 वेंटिलेटर कंचन वर्मा, प्रबंध निदेशक उत्तर प्रदेश मेडिकल सप्लाई कारपोरेशन लिमिटेड के माध्यम से उपलब्ध कराये गए हैं। इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि कोरोना महामारी के इस संक्रमण काल मे ये वेंटिलेटर मरीजों के लिये संजीवनी का कार्य करेंगे।

वेंटिलेटर वितरण की विस्तृत जानकारी देते हुए प्रबंध निदेशक ने बताया कि 7—7 वेंटिलेटर एस.जी.पी.जी.आई. तथा के.जी.एम.यू. लखनऊ को, 5—5 वेंटिलेटर आर.एम.एल तथा कैंसर इंस्टीट्यूट लखनऊ को और 6 वेंटिलेटर बलरामपुर अस्पताल लखनऊ को प्रदान किये गए हैं।

वहीं फ्लिपकार्ट संस्था द्वारा राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल की प्रेरणा से जिला कारागार लखनऊ को 05 Manual Sanitary Napkin Vinding Machine Vend-10 एवं 05 Sanitary Napkin Disposal Machine HH-200 उपलब्ध करायी गई।

——————

राम मनोहर त्रिपाठी/राजभवन(214/1)